LATEST NEWS
+91-9878-55-2070

# आज तक आमने सामने

1-15 January-2025

RNI No-Punhin2013/54688 HINDI ,PUNJABI & ENGLISH

पढ़े India हर खबर सच के साथ



Year 2025 /Editor-Sk.Saxena /Email-aajtakaamnesaamne.in@gmail.con/ MOB-8146107666

# महाकुंभ का पहला अमृत स्नान शुरू

## लाखों श्रद्धालु लगा रहे आस्था की डुबकी



महाकुम्भ के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को सुबह से अखाड़ों के साधु संतों का अमृत स्नान जारी है। इस बीच, सुबह दस बजे तक एक करोड़ 38 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मेला प्रशासन ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। महानिर्वाणी और अटल अखाड़ा के बाद तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। इसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी चल रहे थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे। इनके पीछे नागा सन्यासियों की टोली थी। इन सभी के बीच निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे।

अमृत स्नान के बाद निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने 'पीटीआई– भाषा' से कहा, 卐हम सात बज कर 15 मिनट पर स्नान घाट पर पहुंचे और सात बज कर 45 मिनट पर हमने स्नान कर घाट खाली कर दिया। आधे घंटे में निरंजनी अखाड़े और आनंद अखाड़े के हजारों साधु संतों ने स्नान किया। निरंजनी अखाड़े के 35 महामंडलेश्वरों ने और हजारों की संख्या में नागा सन्यासियों ने अमृत स्नान किया। निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा, 卐घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि युवाओं में सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की।卐 निरंजनी अखाड़े और आनंद अखाड़े के बाद संख्या बल में सबसे अधिक जूना अखाड़े और आवाहन अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। इनमें जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भव्य रथ पर सवार होकर स्नान घाट पर आए और उनके साथ हजारों की संख्या में नागा सन्यासी भी थे। बारी बारी से तेरह अखाड़ों का अमृत स्नान शाम चार बजे तक पूरा होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 卐यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है। आज लोक आस्था के महापर्व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाकुम्भ 2025, प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में प्रथम अमृत स्नान कर पुण्य अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन। कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद प्रयागराज में हर दिशा से जनसैलाब सुबह से ही संगम की ओर जाता दिखाई दिया। आम श्रद्धालु स्नान के साथ ही संगम क्षेत्र में अखाड़ों के साधु संतों के भी दर्शन कर रहे हैं। संगम तट पर अमृत स्नान के बाद युवा और बुजुर्ग साधु संत और नागा सन्यासी शरीर पर भभूत लगाकर घाट से अपने गंतव्यों की ओर रवाना हो रहे हैं और आशीर्वाद स्वरूप भभूत लोगों पर छिड़क रहे हैं। नागा सन्यासियों के दर्शन की अभिलाषा में भारी संख्या में लोग संगम घाट पर मौजूद हैं। अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने हर हर महादेव के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के उपरांत महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतन गिरी जी महाराज ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, हर 12 साल में पूर्ण कुम्भ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुम्भ होने पर 144 साल बाद यह महाकुम्भ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुम्भ में स्नान का अवसर मिलता है।



# किसान संगठन बढ़े एकजुटता की ओर

## एसकेएम के साथ अब 18 जनवरी को बैठक

किसानों की मांगों को लेकर साझा आंदोलन चलाने के इरादे से सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेताओं ने पटियाला जिले के पातड़ां में संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। किसान संगठनों ने एकजुटता पर जोर देते हुए 18 जनवरी को फिर बैठक करने का फैसला किया है। बैठक में विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया, लेकिन 'एकता' पर फिलहाल मुहर नहीं लग पायी। खनौरी और शंभू बॉर्डर पर आंदोलन चला रहे किसान नेताओं के साथ बैठक में एसकेएम की समन्वय समिति के सभी छह सदस्य– जोगिंदर सिंह उगराहां, युद्धवीर सिंह, बलबीर सिंह राजेवाल, रमिंदर सिंह पटियाला, डॉ. दर्शनपाल और कृष्ण प्रसाद शामिल हुए। बैठक के बाद तीनों संगठनों के नेताओं ने कहा कि बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा, 'लोग चाहते हैं कि सभी एकजुट होकर लड़ें।' एसकेएम नेता उगराहां के अनुसार, बैठक में यह निर्णय लिया गया कि किसान संगठनों के नेता एक–दूसरे के खिलाफ कोई बयान नहीं देंगे। उन्होंने कहा, 'हमारे दुश्मन और मुद्दे एक हैं। हमें संयुक्त लड़ाई लड़नी है।' इस बीच, किसानों ने कृषि विपणन पर केंद्र की मसौदा नीति की प्रतियां जलाईं। उधर, जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन 49वें दिन भी जारी रहा। डॉक्टरों ने कहा कि उनकी तबीयत हर पल बिग? रही है और उन्हें बोलने में समस्या आ रही है। एसकेएम की अन्य किसान संगठनों के साथ बैठक को हरियाणा की खाप पंचायतों ने एकजुटता की दिशा में सकारात्मक संकेत माना है। खाप पंचायतों की 11 सदस्यीय समिति के संयोजक सतीश चेयरमैन ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मांगों के समर्थन में आंदोलन के लिए विभिन्न किसान संगठन एक मंच पर आ गये हैं।

# बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ द्वारा पीएसपीसीएल और पीएसटीसीएल का वर्ष 2025 का कैलेंडर जारी

एस. के. सक्सैना




चंडीगढ़, पंजाब के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने आज पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) और पंजाब स्टेट ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसटीसीएल) का वर्ष 2025 का कैलेंडर जारी किया। पीएसपीसीएल के कैलेंडर में श्री गुरु अमरदास थर्मल प्लांट, गोइंदवाल साहिब की तस्वीर के साथ–साथ निगम में नव–नियुक्त कर्मचारियों को शामिल करने के लिए आयोजित समारोह की तस्वीर भी प्रदर्शित की गई है। इसके अलावा, इसमें एक शानदार सोलर ट्री भी दिखाया गया है, जो नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति निगम की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।दूसरी तरफ , पीएसटीसीएल का कैलेंडर राज्य में पावर ट्रांसमिशन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से अपनाई गई नई पहलों को दर्शाता है। इन कैलेंडरों को जारी करते हुए बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने पीएसपीसीएल और पीएसटीसीएल दोनों को उनकी सराहनीय पहलों के लिए बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2025 के इन कैलेंडरों में दिखाया गया हर दिन दोनों निगमों के निरंतर प्रयासों और समर्पण का प्रमाण होगा। बिजली मंत्री ने कहा कि पीएसपीसीएल और पीएसटीसीएल द्वारा की गई पहल केवल कैलेंडर के माध्यम से तारीखें दिखाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये पंजाब के लोगों के विकास और कल्याण के प्रति इन निगमों की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने राज्य के बिजली क्षेत्र को आगे बढ़ाने में इन निगमों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि अपनी क्षमता को निरंतर मजबूत करने के प्रयासों के माध्यम से ये यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वर्ष का हर दिन राज्य के लोगों के कल्याण और विकास में योगदान देने का हिस्सा बने। इस अवसर पर प्रमुख सचिव (बिजली) अजोए कुमार सिन्हा, पीएसपीसीएल के सीएमडी इंजीनियर बलदेव सिंह सरां और पीएसपीसीएल के निदेशक प्रशासन जसबीर सिंह सुरसिंह भी उपस्थित थे।

# मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच नक्सली ढेर

## बांदेपाड़ा–कोरंजेड गांव के जंगल में मुठभेड़ हुई



बीजापुर, छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच नक्सली मारे गए। पुलिस के मुताबिक बांदेपाड़ा–कोरंजेड गांव के जंगल में सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। घटनास्थल से वर्दी पहने दो महिलाओं समेत पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए। उधर, एक अन्य मामले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में रविवार को दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना में शामिल उग्रवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान जारी है।

# कंगना ने गडकरी के लिए की विशेष स्क्रीनिंग



नयी दिल्ली, अभिनेत्री और भाजपा की सांसद कंगना रनौत ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के लिए अपनी आगामी फिल्म 'एमरजेंसी' की विशेष 'स्क्रीनिंग' आयोजित की। गडकरी ने नागपुर में फिल्म देखी जिसमें रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं। रनौत द्वारा निर्देशित, निर्मित और लिखित 'एमरजेंसी' में अनुपम खेर भी हैं। विवादों में घिरी यह फिल्म 17 जनवरी को रिलीज होगी। गडकरी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लोगों से फिल्म देखने का आग्रह किया। रनौत ने 'एक्स' पर लिखा, 'अपना कीमती समय देने लिए बहुत–बहुत धन्यवाद सर।' 'एमरजेंसी' में जयप्रकाश नारायण की भूमिका निभा रहे खेर ने कहा कि फिल्म की पहली विशेष स्क्रीनिंग को मिली प्रतिक्रिया 'उत्साहजनक' है। फिल्म में श्रेयस तलपड़े ने युवा अटल बिहारी वाजपेयी, मिलिंद सोमन ने फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, महिमा चौधरी ने पुपुल जयकर और सतीश कौशिक ने जगजीवन राम की भूमिका निभाई है।

# प्रदेश के विकास के लिए पंजाब सरकार वचनबद्ध : जय कृष्ण सिंह रौढ़ी

## डिप्टी स्पीकर ने माहिलपुर में 2 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

एस. के. सक्सैना



माहिलपुर/होशियारपुर, डिप्टी स्पीकर पंजाब विधानसभा जय कृष्ण सिंह रौढ़ी ने आज उपमंडल गढ़शंकर के माहिलपुर में 2 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। डिप्टी स्पीकर ने इस अवसर पर स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत चुनावों के दौरान उन्होंने जो सड़के बनाने का वादा किया था, उन्हें पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से न केवल गांवों को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा, बल्कि कृषि और व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। यह विकास कार्य क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों और आम जनता के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार ने गढ़शंकर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए व्यापक योजना बनाई है। इस योजना के तहत, सड़कों, पानी की आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रौढ़ी ने कहा कि यह परियोजना राज्य सरकार की 卐सर्वांगीण विकास卐 की नीति का हिस्सा है। डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रौढ़ी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सरकार की विकास योजनाओं में सहयोग करें। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए डिप्टी स्पीकर और पंजाब सरकार का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# जालंधर ग्रामीण पुलिस ने बलाचोरिया और कौशल गिरोह के जबरन वसूली गिरोह के मुख्य शूटर को किया गिरफ्तार

## हिमाचल के क्रशर मालिक को निशाना बनाने की साजिश में शामिल था आरोपी

एस. के. सक्सैना

**दो अवैध 32 बोर पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद**

**होशियारपुर में आर्म्स एक्ट मामले में वांछित**

**गिरोह की जबरन वसूली कॉल के लिए मुखौटे के रूप में इस्तेमाल किया गया**

जालंधर, 6 जनवरी– संगठित अपराध के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता में, जालंधर ग्रामीण पुलिस ने बलाचोरिया और कौशल गिरोह के जबरन वसूली गिरोह के एक मुख्य शूटर को गिरफ्तार किया। इस बारे में जानकारी देते हुए एसएसपी हरकमलप्रीत खख ने बताया कि आरोपी हिमाचल प्रदेश में एक क्रशर मालिक को निशाना बनाने की साजिश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता पाया गया और गिरोह द्वारा जबरन वसूली के लिए कॉल करने के लिए काम कर रहा था।

आरोपी की पहचान मनजोत सिंह उर्फ मनी, पुत्र कुलविंदर सिंह निवासी मोरांवाली, थाना गढ़शंकर, जिला होशियारपुर के रूप में हुई है, जिसे क्राइम ब्रांच जालंधर ग्रामीण के प्रभारी सब–इंस्पेक्टर अमनदीप वर्मा के नेतृत्व वाली टीम ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी 4 जनवरी, 2025 को मकसूदां पुलिस स्टेशन के अंतर्गत जीटी रोड के पास अड्डा नूरपुर में एक नाके के



दौरान हुई। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने एक और अवैध हथियार के स्थान का खुलासा किया, जिसके परिणामस्वरूप ऊना, हिमाचल प्रदेश से एक दूसरी 32 बोर की पिस्तौल बरामद हुई। जांच में पता चला कि मनजोत सिंह होशियारपुर में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक मामले में वांछित अपराधी था और रवि बलाचोरिया गिरोह का एक प्रमुख गुर्गा था। एसएसपी ने कहा कि एक अन्य खुलासा हुआ कि गिरोह मनजोत सिंह हिमाचल प्रदेश के एक प्रमुख क्रशर मालिक सहित लोगों को जबरन वसूली के लिए काल करता था। वह अपने साथी जसकरण सिंह उर्फ ??कारी के साथ मिलकर गिरोह की ओर से पीड़ितों को डराने–धमकाने और उनसे पैसे ऐंठने की सक्रिय साजिश रच रहा था। आरोपी पर पहले भी थाना गढ़शंकर, होशियारपुर में आर्म्स एक्ट की धारा 25, 54 और 59 के तहत केस नंबर 157 दिनांक 08.10.2024 के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने इस कार्रवाई के तहत दो देसी 32 बोर पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ पुलिस स्टेशन मकसूदां, जिला जालंधर ग्रामीण में आर्म्स एक्ट की धारा 25, 54 और 59 के तहत एक नई एफआईआर (केस नंबर 03 दिनांक 04.01.2025) दर्ज की गई है। एसएसपी खख ने कहा कि पुलिस रिमांड हासिल कर लिया गया है और गिरोह के नेटवर्क को खत्म करने, अन्य सदस्यों की पहचान करने और आरोपी से जुड़ी अतिरिक्त आपराधिक गतिविधियों को उजागर करने के लिए आगे की जांच चल रही है।

# पूर्व सांसद सुशील रिंकू ने मॉडल टाउन में गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका

एस. के. सक्सैना



जालंधर, 06 जनवरी, 2025। जालंधर के पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील रिंकू ने गुरु पर्व के मौके पर माडल टाउन में श्री गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका। सुशील रिंकू ने महान संत, सिखों के दशम गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु श्री गोबिंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि–कोटि नमन किया। सुशील रिंकू ने कहा कि धर्म और मानवता की रक्षा के लिए समर्पित गुरु श्री गोबिंद सिंह जी महाराज का पराक्रमी जीवन हम सभी को सत्य, सेवा और त्याग के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करता है। गुरु गोबिंद सिंह जी के %प्रकाश पर्व% के मौके पर लोगों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनकी शिक्षाएं सभी को धर्म, शांति और सौहार्द के मार्ग पर ले जाएंगी। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने हमेशा समानता और न्याय पर जोर दिया। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि, उनकी शाश्वत शिक्षाएं हमें धर्म, शांति और सौहार्द के मार्ग पर ले जाएं। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के विचार हमें एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं जो प्रगतिशील, समृद्ध और दयालु हों।

**श्री गुरु गोबिंद सिंह जी को किया नमन**



# पूर्व सांसद सुशील रिंकू डेरा सचखंड बल्लां में नतमस्तक हुए, सतगुरु निरंजन दास जी को जन्मदिन पर दी बधाई

रमन कुमार

जालंधर, डेरा सचखंड बल्लां के गद्दी नशीन संत 108 सतगुरु निरंजन दास जी के जन्मदिन पर संगतों का डेरा बल्लां में पहुंच कर संत निरंजन दास को बधाईयां देने का सिलसिला सुबह ही शुरू हो गया थाथ इसी के उपलक्ष्य में जालंधर के पूर्व सांसद सुशील रिंकू ने आज डेरा सचखंड बल्लां में नतमस्तक होते हुए सतगुरु निरंजन दास जी को जन्मदिन की बधाईयां दी तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया

# स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह द्वारा बूढ़े दरिया का तीसरी बार दौरा

## संत सीचेवाल द्वारा पानी को ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने के लिए किए गए अस्थायी प्रबंधों के लिए जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन देने के निर्देश

**लुधियाना शहर में लगे विभिन्न ट्रीटमेंट प्लांटों की अधिकारियों सहित कारगुज़ारी को देखा**

**पंपिंग स्टेशन के वैकल्पिक प्रबंधों का 70प्रतिशत कार्य पूरा– संत सीचेवाल**

पंकज

चंडीगढ़/लुधियाना, – स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने गुरुद्वारा गऊघाट साहिब के पास राज्यसभा सदस्य और पर्यावरण प्रेमी संत बलबीर सिंह सीचेवाल द्वारा अपने कारसेवकों के साथ पंपिंग स्टेशन के वैकल्पिक प्रबंधों के लिए शुरू



किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक अशोक पराशर पप्पी, नगर निगम आयुक्त आदित्य डेचलवाल, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त परमदीप सिंह खैरा, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सीवरेज बोर्ड के अधिकारी भी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित

मनदीप कौर

होशियारपुर, 06 जनवरी–डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु आज एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। ऑटो रिक्शा यूनियन के सहयोग से इस शिविर का नेतृत्व सहायक रीजनल ट्रांसपोर्ट अधिकारी संदीप भारती ने किया। इस अभियान के दौरान ट्रैक्टर–ट्रॉलियों, ऑटो रिक्शों और अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई, जिससे धुंध या कम रोशनी में वाहनों की पहचान करना आसान हो सके। साथ ही, वाहन चालकों को सर्दियों के मौसम में विशेषकर धुंध के दौरान धीमी गति से वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।



# ओ.बी.सी., ई.बी.सी. और डी.एन.टी. छात्र पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए कर सकते हैं आवेदन-डॉ. बलजीत कौर

## कहा, ओ.बी.सी., ई.बी.सी. और डी.एन.टी. छात्रों के लिए पहली बार खोला गया पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप पोर्टल

कैप्टन सुभाष चंद्र

चंडीगढ़, सूबे के अन्य पिछड़ी श्रेणियों (ओ.बी.सी.), आर्थिक रूप से पिछड़ी श्रेणियों (ई.बी.सी.), और डिनोटिफाइड, नोमेडिक ट्राईब्स के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी।



**कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने जिला अधिकारियों को स्कॉलरशिप योजना को सुचारू रूप से लागू करने के दिए निर्देश**

# 120 दिनों के भीतर 663 और कृषि सोलर पंप लगाए जाएंगे-अमन अरोड़ा

## नई और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने पंजाब एनर्जी डेवलेपमेंट ऑथोरिटी अधिकारियों को 20,000 सोलर पंप लगाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए

**कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने सोलर पंप लगाने के लिए कंपनी को वर्क ऑर्डर सौंपा**

पंकज

चंडीगढ़, 7 जनवरी– राज्य के कृषि क्षेत्र को कार्बन–मुक्त बनाने के लिए प्राकृतिक ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पंजाब सरकार अगले 120 दिनों के भीतर 663 और कृषि सोलर पंप लगाएगी। यह घोषणा आज पंजाब के नई और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने की।

श्री अमन अरोड़ा ने आज मैसर्ज ए.वी.आई. रिन्यूएबल्स एनर्जी



प्राइवेट लिमिटेड को 663 कृषि सोलर पंप लगाने के लिए वर्क ऑर्डर सौंपा। उन्होंने बताया कि पिछले महीने 2,356 सोलर पंप लगाने के लिए वर्क ऑर्डर जारी किए गए थे।

# पंजाब पुलिस द्वारा सीमा पार से हो रही नशा तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश; महिला समेत चार व्यक्ति गिरफ्तार, 5 किलो हेरोइन बरामद

## मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सोच के अनुसार पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध

**गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तानी तस्करों के संपर्क में थे, जो ड्रोन के माध्यम से नशे की तस्करी करते थे– डीजीपी गौरव यादव**

**ड्रग सप्लायर्स, डीलर्स और खरीदारों के पूरे नेटवर्क का पता लगाया जाएगा– सीपी अमृतसर गुरप्रीत भुल्लर**

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़/अमृतसर, 7 जनवरी– मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार नशों के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 5 किलो हेरोइन समेत चार व्यक्तियों, जिनमें एक महिला भी शामिल है, को गिरफ्तार कर नशा तस्करी के गिरोह का पर्दाफाश किया है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों



की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (19) और बलजीत कौर (32), दोनों निवासी गांव मुठियावाल, जिला तरनतारन; मनिंदर सिंह (34), निवासी भिखीविंड, तरनतारन; और हरप्रीत सिंह (26), निवासी गांव लोधी गुज्जरां, अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने इनके कब्जे से हेरोइन के अलावा दो मोटरसाइकिल भी जब्त किए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि सभी आरोपी पाकिस्तान आधारित तस्करों के सीधे संपर्क में थे और सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से नशे की खेप मंगवाते थे। उन्होंने कहा कि इस मामले की आगे जांच की जा रही है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां व बरामदगी होने की संभावना है। ऑपरेशन के विवरण साझा करते हुए पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में डीसीपी हरप्रीत सिंह मंडेर, एडीसीपी इन्वेस्टिगेशन नवजोत सिंह और एसीपी डिटेक्टिव कुलदीप सिंह की निगरानी में, सीआईए स्टाफ–1 इंचार्ज इंस्पेक्टर अमोलकदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 1 जनवरी को गुरु की वडाली इलाके से 3 किलो हेरोइन समेत गुरप्रीत सिंह और बलजीत कौर को गिरफ्तार किया।

जांच में सामने आया कि गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी और बलजीत कौर रिश्ते में बुआ–भतीजा हैं। बलजीत कौर के पति बलबीर सिंह को 2022 में राजस्थान के श्रीगंगानगर के हिंदूमलकोट थाने द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था, जहां से उसके पास से 5 किलो हेरोइन बरामद हुई थी। वह वर्तमान में राजस्थान की करनपुर जेल में बंद है।सीपी ने बताया कि सप्लायर्स, डीलर्स और खरीदारों के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के साथ–साथ गिरफ्तार व्यक्तियों द्वारा अब तक खरीदी गई नशीली पदार्थों की कुल मात्रा का पता लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# तहसीलदार के नाम पर 11,000 रुपए रिश्वत लेते वसीका नवीस रंगे हाथ गिरफ्तार

मनदीप कौर

चंडीगढ़, 7 जनवरी 2025 – पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत वसीका नवीस राज कुमार उर्फ गिन्नी को तहसीलदार गिद्दड़बाहा के नाम पर 11,000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

इस संबंधी जानकारी देते हुए विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी की गिरफ्तारी गुरदीप



सिंह निवासी सराभा नगर मलोट, जिला श्री मुक्तसर साहिब की शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो से संपर्क करते हुए आरोप लगाया कि उसने अपनी पत्नी के नाम पर गांव हुसनर में ज़मीन खरीदी थी और रजिस्ट्री करवाने के लिए वह गिद्दड़बाहा स्थित जॉइंट सब रजिस्ट्रार के दफ्तर गया था। वहां वसीका नवीस राज कुमार ने रजिस्ट्री लिखी और तहसीलदार दफ्तर में रजिस्ट्री जमा कराने के बाद आरोपी ने 11,000 रुपए रिश्वत की मांग की गई



# मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा भट्ठा साहिब में माथा टेका, संगत को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की बधाई दी

## नए जोश, जुनून, समर्पण और वचनबद्धता के साथ राज्य की सेवा करने का संकल्प लिया

मनदीप कौर

भट्ठा साहिब (रोपड़), पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के मौके पर गुरु साहिब की ओर से दिखाए मार्ग पर चलते हुए नए जोश, लगन, समर्पण और वचनबद्धता के साथ राज्य की सेवा करने का प्रण लिया

# संधवां द्वारा यू.टी. सलाहकार के पद को मुख्य सचिव के रूप में नामित करने के फैसले की निंदा

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने यू.टी. सलाहकार के पद को मुख्य सचिव के रूप में नामित करने के फैसले की कड़ी निंदा करते हुए इसे चंडीगढ़ पर पंजाब के अधिकारों को कुचलने वाला कदम करार दिया है।

स्पीकर ने कहा कि इस कदम को चंडीगढ़ की स्थिति के संवेदनशील मुद्दे की घोर अनदेखी के रूप में देखा जा रहा है, जो लंबे समय से पंजाब और केंद्र सरकार के बीच विवाद का विषय रहा है।

श्री संधवां ने जोर देकर कहा कि पुन- नामांकन न केवल प्रशासनिक गड़बड़ है, बल्कि चंडीगढ़ पर पंजाब के वैध अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास भी है। उन्होंने आगे कहा कि हम केंद्र सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने और पंजाब के लोगों के अधिकारों का सम्मान



करने की अपील करते हैं। इस घटनाक्रम ने पंजाब के नेताओं और नागरिकों के बीच बड़ी बेचैनी पैदा कर दी है, और हर कोई इसे चंडीगढ़ पर पंजाब के अधिकारों को जानबूझकर कमजोर करने की कोशिश के रूप में देख रहा है। पंजाब सरकार हमेशा इस बात पर जोर देती रही है कि चंडीगढ़ राज्य का अभिन्न हिस्सा है, और इसके प्रशासन से संबंधित कोई भी निर्णय राज्य सरकार से परामर्श कर लिया जाना चाहिए।



# तरुनप्रीत सिंह सौंद द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के सीईओज और प्रतिनिधियों के साथ बैठक

## पंजाब सरकार ने नई सूचना प्रौद्योगिकी नीति तैयार की

पंकज

चंडीगढ़/नई दिल्ली, 8 जनवरी- पंजाब में निवेश को बढ़ावा देकर राज्य को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से पंजाब

### निवेशकों ने राज्य में निवेश के लिए दिखाया उत्साह

के पूंजी निवेश प्रोत्साहन, उद्योग और व्यापार मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न कंपनियों के सीईओ और प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की

# दुर्घटनाओं से बचाव के लिए ए.डी.जी.पी. फारूकी ने लोगों से रात में कोहरे में यात्रा करने से परहेज करने की अपील की

## रात में अति आवश्यक होने पर ही वाहन चलाने को कहा, पूरी सावधानी बरतने पर जोर दिया

रमन कुमार

जालंधर, 8 जनवरी- एसके सक्सैना सर्दियों के मौसम में कोहरे के कारण होने वाले हादसों में कीमती जिंदगियों को बचाने के लिए ए.डी.जी.पी. एम.एफ. फारूकी ने राज्य के लोगों से रात में यात्रा करने से परहेज करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोहरा कई बार खतरनाक साबित हो सकता है। रात के समय कोहरे का असर बढ़ने से विजिबिलिटी कम होने से दुर्घटनाओं का खतरा काफी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि बहुत जरूरी होने पर ही रात में यात्रा करनी चाहिए। एडीजीपी ने रात में वाहन चलाते समय पूरी सावधानी बरतने पर जोर




दिया और कहा कि हार्न का प्रयोग सही ढंग से किया जाए तथा सड़क पर वाहन खराब होने की स्थिति में सड़क सुरक्षा बल की मदद ली जाए ताकि क्षतिग्रस्त वाहन की बैरिकेडिंग की सके, क्योंकि सड़क पर खराब हालत में खड़े वाहनों से दुर्घटना का डर बना रहता है



# डिप्टी कमिश्नर द्वारा होटल उद्योग इकाई लूथरा एंड कुमार हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड बटाला को इन प्रिंसिपल अप्रूवल पत्र जारी

## उद्यमी को कोई कठिनाई नहीं आने दी जाएगी और समय पर सभी मंजूरियां जारी की जाएँगी – डिप्टी कमिश्नर उमा शंकर गुप्ता

कैप्टन सुभाष चंद्र

गुरदासपुर, 08 जनवरी – पंजाब सरकार द्वारा राज्य में निवेश के अवसर बढ़ाने के लिए रोजगार के संसाधन पैदा करने हेतु उद्यमियों को उनके व्यवसाय से संबंधित कई तरह की सुविधाएँ ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे उद्यमियों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और सभी सुविधाएँ एक ही खिड़की के द्वारा प्रदान की जाती हैं।

# जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय लोहड़ी समारोह के दौरान जिले की 100 नवजात बेटियों को लोहड़ी दी

## चेयरमैन रमन बहल ने मिला वासियों से अपनी बेटियों को आगे बढ़ने के लिए अधिकतम अवसर देने का आह्वान किया

## बेटियों ने हर क्षेत्र में लड़कों पर बात बनाकर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया – डिप्टी कमिश्नर

गुरदासपुर, 08 जनवरी – Sonu Sameyal पंजाब सरकार की हिदायतों के अनुसार ि?ला प्रशासन गुरदासपुर द्वारा चलायी जा रही 'बेटी बचाओ, बेटी प?ाओ' मुहिम के तहत सामाजिक सुरक्षा और महिला तथा बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आज गोल्डन ग्रुप ऑ? इंस्टीट्यूट, गुरदासपुर में बेटियों की लोह?ी का ि?ला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।



# विधायक जिंपा ने आवास योजना के तहत 23 लाभार्थियों को 34.50 लाख रुपए की सहायता राशि की वितरित

मनदीप कौर

होशियारपुर, विधायक ब्रम शंकर जिंपा ने आज एक विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 23 लाभार्थियों को 34.50 लाख रुपए के चेक वितरित किए। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के कच्चे मकानों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस अवसर पर विधायक ने बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को उनकी जरूरतों के अनुसार चरणबद्ध तरीके से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में लाभार्थियों को




पहली किश्त के रूप में राशि जारी की गई है, जबकि शेष दो किश्तें निर्माण कार्य की प्रगति के आधार पर जारी की जाएंगी।

# चेयरमैन रमन बहल की कोशिशों स्वरूप पंजाब सरकार ने सब्ज़ी मंडी गुरदासपुर की सड़क बनाने के लिए प्रबंधकीय स्वीकृति जारी की

गुरदासपुर, 09 जनवरी – Sonu Sameyal Ravindrr Singh- पंजाब हेल्थ सिस्टम्स कॉरपोरेशन के चेयरमैन श्री रमन बहल की कोशिशों के कारण पंजाब सरकार द्वारा सब्ज़ी मंडी गुरदासपुर के दुकानदारों और शहरवासियों को नए वर्ष का तोहफा देते हुए सब्ज़ी मंडी की मुख्य सड़क को सीमेंट–कंक्रीट के नए सड़कों के निर्माण की प्रबंधकीय स्वीकृति दी गई है। सब्ज़ी मंडी की इस सड़क के निर्माण पर पंजाब मंडी बोर्ड द्वारा 1 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे

**पंजाब मंडी बोर्ड की ओर से सब्ज़ी मंडी की सड़क को सीमेंट–कंक्रीट से बनाने पर खर्च किए जाएंगे 1 करोड़ रुपये**



# डॉ. बलजीत कौर ने जिला बठिंडा के आंगनवाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

## पंजाब सरकार बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए प्रतिबद्ध

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बठिंडा अर्बन के गांव भोखड़ा और गांव बाजक में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि बठिंडा अर्बन के गांव भोखड़ा में आंगनवाड़ी केंद्र में की गई ग्रैफिटी और एस.एन.पी. के रिकॉर्ड की गहन जांच की गई। इसके अतिरिक्त,



एस पी एन लाभार्थियों और बुजुर्गों से पेंशन संबंधी भी बातचीत की गई। कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि गांव बाजक में नरेगा के सहयोग से बनाई गई आंगनवाड़ी केंद्र की बिल्डिंग का दौरा किया गया। पूरक पोषण कार्यक्रम (एस.एन.पी.) की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं सहित लाभार्थियों से बातचीत की गई। लाभार्थियों ने आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा दी जाने वाली पोषक गुणवत्ता और सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया।

# पंजाब पुलिस ने दुबई से संचालित पाकिस्तान आधारित हथियार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया; तीन पिस्तौल समेत एक व्यक्ति काबू




**भगोड़ा तस्कर मनजोत सिंह पाकिस्तान आधारित तस्करों के संपर्क में था और दुबई से इस मॉड्यूल को चला रहा था–डीजीपी गौरव यादव**

**पंजाब पुलिस प्रदेश को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध**

**गिरफ्तार आरोपी हथियारों की खेप प्राप्त कर फरार तस्कर मनजोत के निर्देश पर इन्हें गैंगस्टरों को सप्लाई करता था**

रमन कुमार

चंडीगढ़/अमृतसर, 9 जनवरी– पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता में, काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने हथियारों की तस्करी में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर दुबई स्थित भगोड़ा तस्कर मनजोत सिंह उर्फ मन्नू द्वारा संचालित और पाकिस्तान समर्थित हथियार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। यह जानकारी आज पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।



# 50,000 रुपए रिश्वत लेने के आरोप में सहायक टाउन प्लानर और आर्किटेक्ट विजिलेंस ब्यूरो द्वारा काबू

पंकज

चंडीगढ़, 9 जनवरी, 2025– राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने नगर निगम पटियाला के सहायक टाउन प्लानर (ए.टी.पी.) जसपाल सिंह और पटियाला के आर्किटेक्ट अनीश खन्ना को 50,000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपियों को अशोक कुमार, निवासी पातड़ां, जिला पटियाला, द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो को बताया कि उसके अस्पताल की इमारत का नक्शा पास करने के बदले आरोपी जसपाल सिंह ने आर्किटेक्ट अनीश खन्ना के माध्यम से 1 लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि उक्त ए.टी.पी. पहले ही आर्किटेक्ट के जरिए 50,000 रुपए रिश्वत ले चुका था और बाकी राशि की मांग कर रहा था।

# एमएसपी भुगतान धोखाधड़ी-पंजाब पुलिस के साइबर क्राइम डिवीजन की ओर से अनाज खरीद पोर्टल से छेड़छाड़ के आरोप में चार गिरफ्तार

## पंजाब पुलिस ने राज्य को सुरक्षित बनाने के लिए वचनबद्ध

**गिरफ्तार व्यक्तियों ने किसानों को की गई फसल की अदायगी को अपने बैंक खातों में भेजने के लिए पोर्टल में की थी छेड़छाड़- एडीजीपी साइबर क्राइम वी. नीरजा**

**अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी**

कैप्टन सुभाष चंद्र

चंडीगढ़, 9 जनवरी– डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर साइबर क्राइम के खिलाफ जारी अभियान के तहत, पंजाब पुलिस के स्टेट साइबर क्राइम डिवीजन ने अनाज खरीद पोर्टल से छेड़छाड़




करने वाले चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर भुगतान संबंधी धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया है। वर्णनीय है कि उक्त आरोपी किसानों को की गई फसल की अदायगी को अपने खातों में ट्रांसफर करने के अपराध में शामिल थे।




# राष्ट्रीय वोटर दिवस को समर्पित पंजाब इलेक्शन क्विज-2025 में अधिक से अधिक भाग ले नौजवान

## जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने सभी विधान सभा क्षेत्र के स्वीप नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

**17 जनवरी तक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किया जा सकता है ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन**

**ऑफलाइन प्रतियोगिता राज्य स्तर पर 24 जनवरी को होगी**

एस. के. सक्सैना

होशियारपुर, 9 जनवरी: जिला स्वीप नोडल अधिकारी अंकुर शर्मा ने आज जिले के सभी विधान सभा क्षेत्रों के स्वीप नोडल अधिकारियों से बैठक करते हुए उन्हें राष्ट्रीय वोटर दिवस को समर्पित %पंजाब इलेक्शन क्विज–2025 में सक्रिय रुप से भाग लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्कूलों व कालेजों के विद्यार्थियों को जागरुक किया जाए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपील करते हुए कहा कि रजिस्ट्रेशन के साथ वैध दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है। बिना वैध दस्तावेजों के रजिस्ट्रेशन अस्वीकार कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने और उन्हें मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सी.ई.ओ) पंजाब की ओर से राष्ट्रीय मतदाता दिवस को समर्पित पंजाब इलेक्शन क्विज–2025 आयोजित करवाई जा रही है। अंकुर शर्मा ने बताया कि पंजाब इलेक्शन क्विज–2025 के तहत ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 17 जनवरी 2025 तक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन चुनाव क्विज प्रतियोगिता 19 जनवरी 2025 को तथा रा य स्तरीय ऑफलाइन प्रतियोगिता 24 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले प?ाव में, विजेताओं की पहचान ऑनलाइन प्रतियोगिता के तहत जिला स्तर पर की जाएगी और अंतिम ऑफ़लाइन प्रतियोगिता 24 जनवरी, 2025 को लुधियाना में 23 जिलों के विजेताओं के बीच आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब इलेक्शन क्विज–2025 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन https://punjab.indiastatquiz.com/ पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं स्कूल/कॉलेज द्वारा जारी पहचान पत्र जमा किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि विजेताओं को मोबाइल, लैपटाप सहित कई आकर्षक पुरस्कार सी.ई.ओ. पंजाब की ओर से दिए जाएंगे। इस अवसर पर चुनाव कानूनगो दीपक कुमार, हरप्रीत कौर, लखबीर सिंह, मेघा मेहता भी मौजूद थे।

# पंजाब सरकार द्वारा बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए 1419 आंगनवाड़ी केंद्र बनाए जाएंगे-डॉ. बलजीत कौर

## जल्द ही 3000 आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर भर्ती किए जाएंगे

**200 करोड़ रुपये की लागत से नए आंगनवाड़ी केंद्र बनाए जाएंगे और पुराने केंद्रों के ढांचे को बेहतर किया जाएगा**

मनदीप कौर



चंडीगढ़, 9 जनवरी– पंजाब सरकार द्वारा बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए 1419 आंगनवाड़ी केंद्र बनाए जाएंगे। 200 करोड़ रुपये की लागत से नए आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जाएगा और पुराने केंद्रों के ढांचे को बेहतर बनाया जा रहा है। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला और बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी। आज यहां पंजाब भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि राज्य की महिलाओं और बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए नए आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण, मौजूदा केंद्रों का उन्नयन, सैनिटेशन सुविधाओं का प्रबंधन और आंगनवाड़ी केंद्रों में फर्नीचर आदि की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों में बाला प्रिंटिंग भी करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण करना नहीं है, बल्कि इस परियोजना के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है।

# बुनियादी ढांचे के विकास में पंजाब सबसे आगे–मोहिंदर भगत

## जल्द ही 3000 आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर भर्ती किए जाएंगे

**पंजाब के बैंकों ने अब तक 7,670 करोड़ रुपए की लागत वाले 20,000 से अधिक कृषि प्रोजेक्ट किए मंजूर**

पंकज



चंडीगढ़, 9 जनवरी– मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार कृषि के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए तेज़ी से काम कर रही है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत के मार्गदर्शन में, पंजाब ने एआईएफ योजना के तहत 20,000 से अधिक कृषि प्रोजेक्ट्स को मंजूरी देकर पूरे भारत में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने बताया कि भारत में कृषि बुनियादी ढांचे के विकास के लिए मंजूर प्रोजेक्ट्स की संख्या में पंजाब लगातार शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। श्री भगत ने शीर्ष 5 राज्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब तक पंजाब के बैंकों द्वारा 7,670 करोड़ रुपए की लागत वाले 20,024 कृषि प्रोजेक्ट मंजूर किए गए हैं, जबकि मध्य प्रदेश ने 11,135, महाराष्ट्र ने 9,611, तमिलनाडु ने 7,323 और उत्तर प्रदेश ने 7,058 प्रोजेक्ट मंजूर किए हैं।

# एफडीडीआई चंडीगढ़ में दूसरा दीक्षांत समारोह में 128 छात्रों को डिग्री प्रदान की

## शिक्षा को कौशल के साथ जोड़कर देश की आवश्यकताओं के अनुरूप मानव संसाधन का निर्माण किया जाना चाहिए – राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया

रमन कुमार

चंडीगढ़/बनूड़–ुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) के बनूर परिसर में दूसरा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। एफडीडीआई भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा स्थापित एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है। दीक्षांत समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि संस्थान के प्रबंध सचिव कर्नल पंकज सिन्हा और संस्थान की कार्यकारी निदेशक सुश्री प्रज्ञा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर और राष्ट्रगान गाकर किया। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा को कौशल के साथ जोड़कर देश की आवश्यकताओं के अनुरूप मानव संसाधन का निर्माण किया जा रहा है। जिससे बेरोजगारी कम हो और स्वरोजगार के अवसर पैदा हो। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए देश भर में इस तरह के 12 संस्थान खोले गए हैं, जिनमें से एक यह संस्थान है। विकसित भारत के लक्ष्य का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है, जब देश का हर नागरिक प्रयास करे। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक की मेहनत और परिश्रम पर निर्भर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्था का नाम रोशन करने और प्रयास करते रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि संस्था को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना उसके गुरुओं का सच्चा सम्मान होगा । राज्यपाल ने विद्यार्थियों से अपने माता–पिता का सम्मान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि माता–पिता स्वयं कष्ट सहकर बच्चे को अच्छा जीवन देते हैं, सभी को अपने माता–पिता का ऋणी होना चाहिए और उनकी मेहनत को याद रखना चाहिए। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को जीवन



के दूसरे चरण में समझदारी से आगे बढ़ने की सलाह दी। इस अवसर पर संस्थान के सचिव कर्नल पंकज सिन्हा ने बनूड़ परिसर में शैक्षणिक कार्यक्रमों की सराहना की और छात्रों और कर्मचारियों को लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था में फुटवियर उद्योग के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस उद्योग ने रोजगार और निर्यात में योगदान दिया है। उन्होंने मेक इन इंडिया का जिक्र करते हुए कहा कि देश के नेतृत्व ने ऐसी पहल का समर्थन किया है जिससे अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रज्ञा सिंह ने बताया कि एफडीडीआई स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर खुदरा और फैशन माल, फुटवियर डिजाइन, फैशन डिजाइन और चमड़ा और जीवन शैली उत्पाद डिजाइन के क्षेत्र में रोजगार उन्मुख व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करता है। एफडीडीआई से डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र मल्टीनेशनल और नेशनल कंपनियों में अच्छे पैकेज पर कार्यरत होते हैं। उन्होंने इस मौके पर छात्रों को उद्योग जगत में सफलता की शुभकामनाएं दीं और अतिथियों को धन्यवाद दिया। संस्थान के सभी विभागों–रिटेल और फैशन मर्चेंडाइज, फुटवियर डिजाइन, फैशन डिजाइन और लेदर एंड लाइफस्टाइल प्रोडक्ट डिजाइन से 2023 और 2024 बैच के 128 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इसी क्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को स्वर्ण एवं रजत पदक से सम्मानित किया गया। 2023 बैच की आकांक्षा गुप्ता और ऋषिता लाडीवाल और 2024 बैच की दिवप्रिया और सतुति पंत को क्रमशः स्नातकोत्तर और स्नातक श्रेणियों में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

इसी तरह, फुटवियर टेक्नोलॉजी विभाग के 2023 बैच की एकजोत कौर, लेदर एंड लाइफस्टाइल प्रोडक्ट डिजाइन विभाग की सृष्टि मित्तल और फुटवियर टेक्नोलॉजी विभाग के 2024 बैच की ओजल गर्ग को रजत पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक, प्राचार्य और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# सीनियर आई.ए.एस. अधिकारी अरूण सेखड़ी ने डिविजनल कमिश्नर जालंधर का पदभार संभाला

## जिला पुलिस की टुकड़ी ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**डिविजनल कमिश्नर ने 11 जनवरी को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की**

कैप्टन सुभाष चंद्र





जालंधर, बैच के वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी श्री अरुण सेखडी ने आज जालंधर के डिविजनल कमिश्नर का कार्यभार संभाला। डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर जिला पुलिस की टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया । पदभार संभालने के बाद डिविजनल कमिश्नर अरुण सेखडी ने कहा कि बेहतर प्रशासन और लोगों को उचित ढंग से समय पर प्रशासकीय सेवाएं उपलब्ध करवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर उन्होंने डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल के साथ बात कर जिले संबंधी जानकारी ली। उन्होंने शनिवार को नगर निगम पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियों और व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। बाद में डिविजनल कमिश्नर ने मौके पर पहुंचकर 11 जनवरी को पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर स्थानीय रेडक्रॉस भवन में चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि इंतजामों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर कमिश्नर नगर निगम गौतम जैन, सहायक कमिश्नर सुनील फोगट, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर संदीप शर्मा, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर( ज) मेजर डा. अमित महाजन के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# सिविल व पुलिस प्रशासन की ओर से नशा जागरूकता सेमिनार का आयोजन

## युवाओं को नशे की बुराई से बचाने में स्कूलों की भूमिका अहम–डिप्टी कमिश्नर

एस. के. सक्सैना

**नशे की रोकथाम के लिए स्कूल प्रमुख करें सहयोग, जिला पुलिस का दृष्टिकोण सहयोगात्मक– एसएसपी**



होशियारपुर, 10 जनवरी– सिविल व पुलिस प्रशासन होशियारपुर की ओर से संपर्क अभियान और मिशन होशियार के तहत, स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जेम्स कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में नशा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के लगभग 500 हेडमास्टर और प्रिंसिपलों ने भाग लिया। सेमीनार के दौरान डिप्टी कमिश्नर और एसएसपी ने जिलावासियों से अपील की कि वे नशा उन्मूलन अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और प्रशासन का सहयोग करें। डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूलों की भूमिका युवाओं को नशे की बुराइयों से बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की चरित्र निर्माण की शुरुआत स्कूल से होती है। उन्होंने मिशन होशियार के तहत जागरूकता फैलाने और नशे के खिलाफ ठोस कदम उठाने के प्रशासनिक प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही, शिक्षकों से अपील की कि वे अपने विषय के साथ–साथ विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों का पाठ भी पढ़ाएं। कोमल मित्तल ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में 2 नशा छुड़ाओ केंद्र, एक पुर्नवास केंद्र व 15 ओट केंद्र चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इन केंद्रों के माध्यम से नशे की गिरफ्त में आए ज्यादा से ज्यादा युवाओं के पुर्नवास के लिए कार्य कर रहा है। एसएसपी सुरेंद्र लांबा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और डीजीपी गौरव यादव के निर्देशानुसार नशे के खिलाफ सीधा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्कूल प्रमुखों को इस लड़ाई में अहम कड़ी बताया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नशा तस्करों के बारे में जानकारी जिला पुलिस को उपलब्ध कराएं। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 95016-60318, कंट्रोल रूम नंबर 01882-247506, 75290-30100, और सेफ पंजाब एंटी ड्रग हेल्पलाइन नंबर 97791-00200 जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जानकारी को पूरी गोपनीयता के साथ रखते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि जिला पुलिस विशेषज्ञों की सहायता से जिला स्तरीय पुनर्वास केंद्रों में तीन–स्तरीय रणनीति के तहत काम कर रही है। इसका उद्देश्य नशे की रोकथाम, प्रवर्तन, और पुनर्वास सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही उन्होंने रोड सेफ्टी, साइबर सुरक्षा, सेफ स्कूल वाहन, गुड टच–बैड टच और स्टूडेंट पुलिस कैडेट योजना जैसे विषयों पर भी चर्चा की। इस दौरान नशा छुड़ाओ और पुनर्वास केंद्र की मनोवैज्ञानिक संदीप कुमारी ने भी स्कूल प्रमुखों के साथ चर्चा की। उन्होंने नशे से जुड़े मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एसपी मनोज ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) ललिता अरोड़ा, डिप्टी मेडिकल कमिश्नर डॉ. हरबंस कौर, उप जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) धीरज वशिष्ठ, मेडिकल अधिकारी डॉ. महिमा, जेम्स कैंब्रिज स्कूल की वाइस प्रिंसिपल जसजीत मुंडी, विजय भट्टी, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।